राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–252/2023

शिक्षक बच्चों को अच्छा इंसान बनायें–राज्यपाल

पटना, 26 सितम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने स्वामी दयानन्द सरस्वती जी के 200वें जन्म दिवस पर डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, बी०एस०ई०बी० कॉलोनी, पटना में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षक–शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे बच्चों को अच्छा इंसान के रूप में तैयार करें, क्योंकि एक अच्छा व्यक्ति हमेशा अच्छा और समाजपयोगी कार्य करता है, चाहे वह किसी भी पेशे से संबंध रखता हो।

उन्होंने बच्चों में मोबाईल आदि के अत्यधिक प्रयोग की आदत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे बचने के लिए उन्हें खेलकूद और पढ़ने–लिखने के कार्य में लगाएँ। शिक्षक इसमें अधिक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने उनसे बच्चों को पाठ्यक्रम से बाहर की विभिन्न विषयों से संबंधित अच्छी पुस्तकें एवं समाचार पत्र आदि पढ़ने के लिए प्रेरित करने को भी कहा।

इससे पूर्व राज्यपाल ने विद्यालय के छात्र–छात्राओं से संवाद किया तथा उन्हें अपने पाठ्यक्रम की पुस्तकों के अलावा अन्य सद्साहित्य के अध्ययन की सलाह दी। इससे होनेवाले लाभ की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे मित्र और मार्गदर्शक हैं। उन्होंने उनसे समाचार पत्र भी पढ़ने को कहा। राज्यपाल ने छात्र–छात्राओं द्वारा पूछे जाने पर उन्हें बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं पेड़ों को बचाने के उद्देश्य से उन्होंने गोवा विधानसभा को पेपरलेस किया था। उन्होंने इसके तरीके भी बताये। उन्होंने राज्यपाल की नियुक्ति, योग्यता आदि के बारे भी बताया। उन्होंने छात्र–छात्राओं को अपनी ओर से पुस्तकें वितरित की और अध्ययनोपरान्त पत्र लिखकर उस पुस्तक के विषय में अपनी प्रतिक्रिया से अवगत कराने को कहा।

इस अवसर पर लेडी गवर्नर श्रीमती अनघा आर्लेकर, डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल्स, बिहार जोन के उप क्षेत्रीय पदाधिकारी–सह–प्रबंधक श्री शशिकांत झा, डी०ए०वी० पब्लिक स्कूल, बी०एस०ई०बी०, पटना के प्राचार्य श्री अविनाश चन्द्र झा एवं शिक्षक–शिक्षिकाएँ, बी०एस०पी०एच०सी०एल० के जी०एम० होल्डिंग श्री अनिरूद्ध कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....